Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 03-05-2005

Participants : Patel Shri Dahya Bhai V.

>

Title: Issue regarding collapse of Daman Ganga bridge reconstructed by N.B.C.C.

श्री दह्याभाई वल्लभभाई पटेल (दमन और दीव) : अध्यक्ष महोदय, छोटा दमन और बड़े दमन के बीच दम गंगा नदी पर बना पुल 28 अगस्त, 2003 को गिर गया था। उस वजह से 28 स्कूली बच्चों सहित 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी। उसके बाद नया पुल बनाने के लिए एनबीसीसी को कांट्रेक्ट दिया गया। एनबीसीसी द्वारा पुनर्निर्माण के बाद नया पुल बना और जून, 2004 में ट्रैफिक के लिए उसे खोल दिया गया। लेकिन 45 दिनों के बाद 3 अगस्त, 2004 को वह पुल भी गिर गया। उसके कारण छोटे दमन और बड़े दमन के बीच सम्पर्क टूट गया है। जिसके परिणामस्वरूप आज दमन में स्कूल जाने के लिए बच्चों, वृद्धों, मजदूर वर्ग, कर्मचारियों और महिलाओं को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा cè[R12]।

बड़ी दमन और छोटी दमन के बीच फेरी-सर्विस चालू है लेकिन हाई-टाइड के कारण यह सर्विस सफल नहीं हो रही है। इसके कारण आ रही कठिनाइयों की ओर दमन प्रशासन और गृह मंत्रालय ध्यान नहीं दे रहा है। उनकी मनमानी और लापरवाही के कारण स्कूलों के बच्चों तथा आम लोगों की मुश्किलें बढ़ी हैं और इसके लिए आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है तथा लोगों के लिए जैटी भी नहीं बनाई गयी है। दमन प्रशासन और गृह मंत्रालय पुल के निर्माण के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए इस पुल का शीघ्र पुनर्निर्माण करें ताकि दमन-दीव में लोग राहत महसूस कर सकें।

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : ऐसे भ्रट अधिकारियों को फांसी पर लटकाने के निर्देश दिये जाएं।

अध्यक्ष महोदय : सब लोग अभी आर्डर चाहते हैं, here and now। This is an opportunity to mention matters for the Government to consider. The concerned Minister is not here. Members are asking for immediate action. How can it be done?

… (*Interruptions*)

Mr. SPEAKER: Let us be brief so that we can dispose of many issues.